इसी तरह मूल्य एक धारणा है जिसका सम्बन्ध केवल मानव से है वस्तुतः मूल्य ही विचार की वह इकाई है, जिसको आधार बनाकर मानव अपना जीवन जी सकता है और उस जीवन को सार्थक बना सकता है।[3]

वामन राव आप्टे के अनुसार मूल्थ शब्द संस्कृत की **मूल धातु में यत् प्रत्यय** लगाने से बना है जिसका अर्थ कीमत, मजदूरी आदि होता है।[4]

डॉ. नगेन्द्र के अनुसार मनुष्य के कर्म अथवा भोग के फलितार्थ रूप में जिसका महत्त्व या मान होता है, सामान्यतया उसे ही मूल्य कहते है। उन्हीं के अनुसार मूल्य उस गुण या गुण समवाय का नाम है किसी पदार्थ को अपने लिए, प्रमाता के लिए अथवा अपने परिवेश के लिए सार्थकता का निर्धारण करता है।

इस प्रकार हम समझ सकते है कि मानव जीवन का जो मूल्यवान बनाने की क्षमता रखते हे वही जीवन मूल्य है। हमारा लोकांचार ही मूल्यों की दिशा तथा दशा तय करता है। मूलय विहिन समाज के बारे में सोचना ही असंभव है। व्यक्ति समाज के बारे में सोचना ही असंभव है। व्यक्ति जैसे–जैसे स्वहित त्याग करके समाजहित में चिन्तन करने लगता है तो व्यक्तिगत मूल्य भी सामाजिक मूल्य के रूप में विकसित होने लगते है।

संस्कृत साहित्य के प्रमुख नाटकों में वर्णित सामाजिक मूल्य–जैसे पारिवारिक जीवन के मूल्यों के अन्तर्गत संयुक्त परिवार की आधार शिला–नैतिकता, त्याग, क्षमा, धैर्य, सद्भाव, मातृभक्ति, करूणा, आदर्श पति, आदर्श–पत्नी, आदर्श भाई, आदर्श राजा, प्रेम, स्नेह, आदर्श मित्र, अनिन्द्यभाव, उदारता सहिष्णुता सद्व्यवहार, सद्विचार, पर हितभावना, सत्य परिपालन आदि अनेक मूल्यों एवं गुणों का परिपालन किया गया है। इसी प्रकार राजनैतिक, राष्ट्रीय धार्मिक, आर्थिक, सौन्दर्यात्मक, आध्यात्मिक आदि अनेकों मूल्यों का समावेश संस्कृत नाटकों के अन्तर्गत हुआ है।

भारतीय समाज आज जर्जर हो गया है। आज हमारी प्राचीन संस्कृति मृत्यु के द्वार पर खड़ी है। अपने चारों ओर के परिवेश में हर दिन कुछ न कुछ ऐसी घटना दिखाई देती है जिससे यह प्रतीत होता है कि समाज किस तरह विभिन्न प्रकार की विकृतियों से भरता जा रहा है। समाज आधुनिकता के अंधे अनुसरण में व्यस्त है। वर्तमान में भोगवादी संस्कृति में व्यक्ति का सर्वस्व धन, पूँजी, दौलत और सम्पत्ति ही रह गया है। जिसके पास धन दौलत ऐश्वर्य है, उसके पास कोई अन्यगुण सदाचार से सम्बन्धित नहीं है तब भी वर्तमान समय में उसे पण्डित, ज्ञानी, श्रेष्ठ वक्ता, सर्वगुणसम्पन्न सुन्दर के रूप में परिभाषित किया जाने लगा है, जो भावी समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है। .

किसी भी राष्ट्र या समाज की उन्नति की आधारशिला वहाँ के निवासियों की सच्चरित्रता, परिश्रमशीलता अथवा उनके नैतिक मूल्य होते हैं। विश्व के जो देश आज उन्नति के चरमोत्कर्ष पर पहुँच गये हैं, उनकी उन्नति का आधार इन्हीं नैतिक मूल्यों में आस्था तथा जीवन में इन्हें उतारना है। आज हम अपने देश की राजनैतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों को देखें तो स्पष्ट हो जायेगा कि आज किस

प्रकार से चारों ओर भ्रष्टाचार, बेईमानी, रिश्वतखोरी, भाई भतीजावाद, साम्प्रदायिकता तथा आलस्य आदि का बोलबाला है इन्हीं कारणों से विश्व में हमारी छवि धूमिल हुई है।

यदि मनुष्य का सामाजिक परिष्कार नहीं होता तो वह पशु तुल्य जीवन बिताता। मनुष्य को अच्छा बनाने का दायित्व समाज का रहा है, क्योंकि आदर्श मानव की संकल्पना मूल्यों से जुड़ी है, अतः हम कह सकते हैं कि मूल्यों की आधार शिला समाज है। समाज के कार्यकलाप, व्यवहार तथा आचरण साहित्य में बिखरे हुए रहते हैं। साहित्य तत्कालीन सामाजिक मूल्यों को ग्रहण करता हुआ नये जीवन मूल्यों की सृष्टि के माध्यम से समाज को गतिशीलता प्रदान करता है, इसीलिए सामाजिक परिवर्तित स्वरूप तथा मूल्यों का प्रतिफल साहित्य में स्वाभाविक रूप से उपलब्ध होता है, विशेष रूप से नाट्य साहित्य में क्योंकि नाट्य तो भरतमुनि के अनुसार ''त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।''

नाट्य तो समाज की साक्षात् अनुकृति होती है। भास कालिदास भवभूति, इत्यादि नाटककारों की कृतियों में हमें तत्कालीन समाज की झाँकी देखने को मिलती है। आलोच्य नाटकों में नाटककारों ने नायकों एवं नायिकाओं के चारित्रिक उत्कर्ष एवं परम्पराओं के परिपालन का उच्च आदर्श सर्वत्र प्रस्तुत किया है। साथ ही मानवीय मूल्यों को भी सर्वत्र स्थापित किया है जो नाटककारों का उद्देश्य भी है। सभी आलोच्य नाटकों में कवियों ने मूल्य सरिता की अभिव्यक्ति को विस्तृत फैलाव एवं अपेक्षित गहराई दी है क्योंकि संस्कृत नाटक आदर्श एवं मूल्यों की स्थापना के उद्देश्य से लिखे गये हैं, संस्कृत नाटकों में **त्याग, समर्पण, दया, स्नेह, अहिंसा, प्रेम, करुणा** आदि शाश्वत मूल्यों की सत्प्रेरणा हमें मिलती है। **'संसरति इति संसारः'** एवं **'गच्छति इति जगतः'** के आधार पर गति और प्रगति इस संसार का पर्याय है। संसार में प्रत्येक वस्तु परिवर्तनशील है। इसी प्रकार ''**कालः क्रमेण जगतः परिवर्तमाना**''[5] के अनुसार आज विश्व में द्रुत गति से परिवर्तन हो रहा है। परिवर्तन के इस वर्तमान समय ने समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्वरूप को तो बदला ही है, साथ ही साथ आम व्यक्ति को अपने सामाजिक परिवेश से भी अलग कर दिया है।

हमारे परम्परागत जीवनमूल्य नये परिवेश की आवश्यकतानुसार बदल रहे हैं। आज हमारी परम्पराएँ छूट रही हैं और परिवर्तन की इस प्रक्रिया ने हमारे शाश्वत मूल्यों को भी प्रभावित किया है। नवीनता का आकर्षण नवीन आस्थाओं को जन्म दे रहा है। आज जीवन को भौतिक धरातल पर आँका जाने लगा है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक विकास एवं नगरीकरण की प्रवृत्ति ने आग में घी का काम किया है। तेजी से बदल रही परिस्थितियों के साथ जीवन मूल्यों आदर्शों, प्रतिमानों, सद्भावनाओं, जीवन–दर्शन सभी में परिवर्तन होता जा रहा है व्यक्ति के सुख की परिभाषा बदल गयी है और व्यक्ति

अधिक सुख भोगने की चाह में बाजार से प्रभावित होकर आत्मकेन्द्रित हो गया है। जो वस्तु अधिक से अधिक स्वयं को सन्तुष्ट करे वही सुख है, यह भावना तेजी से पनप रही हैं। ऐसे में हमारी उपनिषदीय वाणियाँ– **''सर्वेभवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया''** तथा **''तेन त्यक्तने भुंजीथाः''**[6] अपना मूल्य खो रही हैं। आज का युवा स्वच्छन्द, आत्म निर्भर रहना चाहता है। ऐसे में वैयक्तिक संतुष्टि ही उसके लिए परम मूल्य हैं और इस बढ़ती प्रवृत्ति ने हमारे परम्परागत मूल्यों के स्वरूप को बदल दिया है। वैश्वीकरण ने धनोपार्जन के इतने अवसर प्रदान किये हैं कि आज युवा वर्ग अर्थ प्रधान तेजी से बदलती हुई जीवन शैली से अभिभूत होकर पारिवारिक रिश्तों के मूल्य को पहचान नहीं पा रहे हैं एवं बदलती शैली ने बच्चों एवं माता–पिता के बीच संवादहीनता की स्थिति पैदा कर दी है। फलतः **'मातृदेवोभवः' 'पितृदेवोभवः'** की पवित्र संकल्पनाएँ समाज में विलुप्त होती जा रही हैं।

तेजी से बदल रही, राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियों ने हमारे कुछ शाश्वत मूल्यों, परम्पराओं जैसे विवाह संस्था पारिवारिक जीवन के मूल्यों आदि का स्वरूप बदल दिया है। जिन्हें वर्तमान संदर्भो में प्रश्नांकित कर उनका महत्त्व प्रतिपादन कर वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा करना अभीष्ट हैं।

अतिथि देवोभवः सामाजिक शिष्टाचार में अतिथि सत्कार को सर्व प्रमुख स्थान दिया है। पंच महायज्ञों में अतिथि सत्कार का बहुत महत्त्वपूर्ण स्थान है। अतिथि सत्कार अर्थात् नृयज्ञ का भाव है अभ्यागत अतिथि की विधिवत् पूजा सत्कार । वाल्मीकि रामायण में भी अतिथि के सत्कार को प्राथमिकता दी गई है। **अतिथि किल पूजार्हः प्राकृतोऽपि विजानता''**[7] आज अर्थ के प्रभाव से हमारी यह पवित्र संकल्पना विलुप्त होती जा रही है। हमारे देश में प्रतिवर्ष लाखों विदेशी पर्यटक विशेष रूप से हमारी सांस्कृतिक विरासत से प्रभावित होकर आते हैं उन्हें लूटने एवं उनसे पैसा एंठने एवं गुमराह करने का हमारे स्थानीय लोग कोई मौका नहीं चूकते जो उनके नैतिक पतन को उजागर करता है। विदेशी महिला पर्यटकों एवं अतिथियों के साथ आज के लोग बलात्कार जैसी घटनाएँ करने से भी नहीं चूकते।

हमारी प्राचीन सभ्यता, संस्कृति एवं प्राचीन साहित्य तथा आलोच्य नाटकों में अतिथि सत्कार के मूल्य को सर्वोत्कृत महत्त्व दिया जाता रहा है। प्राणों से भी अधिक अतिथि का स्वागत सत्कार करना भारतीय जीवन का अभिन्न अंग था जो आज धूमिल होता दिखाई दे रहा है। आलोच्य नाटकों में राज परिवार और सामान्य परिवार दोनों में ही अतिथि सत्कार का बहुत महत्त्व बताया गया है यथा– 'स्वप्नवासवदत्तम्' के प्रथम अंक में कंचुकी ब्रह्मचरी के **''प्रतिगृह्यतामतिथिसत्कार''** एक आगन्तुक के प्रति सामान्य व्यवहार में विशिष्टता का परिचायक है। इसी प्रकार **''प्रतिज्ञायौगन्धरायण''** में राजा उदयन के

पकड़े जाने पर महासेन कंचुकी से उनका उचित सत्कार कर प्रवेश कराने का आदेश देता है।[8] इतना ही नहीं महासेन यह भी कहता है कि सत्कार इस प्रकार किया जाना चाहिए जिससे राजा उसका महत्त्व समझ सके।[9]

उपर्युक्त कथन के माध्यम से नाटककार भास ने अतिथि सत्कार के प्रति अपनी दृढ़ आस्था व्यक्त की है। अभिषेक नाटक में श्री राम विभीषण के आगमन का समाचार सुनकर उसे सत्कार पूर्वक प्रवेश कराने का आदेश देते हैं। रामः **"सत्कृत्य प्रवेश्यतां विभीषणः**[10] कालिदास ने **'अभिज्ञान शाकुन्तल'** में अतिथि का महत्त्व प्रतिपादित किया है एवं उसकी अवहेलना करने पर दण्ड भी मिला यह भी चित्रित किया है।[11]

पारस्परिक सहयोग एवं सद्भाव– पारस्परिक सहयोग का भाव, प्रेम, सहिष्णुता एवं त्याग भाव ही परिवार व समाज के लोगों को एक सूत्र में बाँधकर रखता है और यहीं से सहअस्तित्व की भावना विकसित होती है। आज बदलते एवं आर्थिक परिवेश ने समस्त मानवीय सम्वेदनाओं को बदल दिया है। एक परिवार के सदस्यों में भी आपसी प्रेम एवं सम्वेदना दिखाई नहीं देती। प्रत्येक व्यक्ति अपनी तरक्की एवं अपने अहं के शिखर पर आरूढ़ होने से दूसरे की भावनाओ से अनभिज्ञ है।

अपने पड़ौस में क्या हो रहा है, पड़ौसी संकट ग्रस्त है इस बात की किसी को भी फिक्र नहीं है। आपस में कोई संवाद नहीं है, कोई प्रेम नहीं है कोई सोहार्द नहीं है। ऐसे में अन्य प्राणियों के प्रति लगाव, दया एवं संवेदना की तो कल्पना ही नहीं की जा सकती है। हमारी वेद वाणियों में प्रारम्भ से ही ज्ञात, अज्ञात सभी के प्रति सद्भावना की मंगल कामना की गई है– **"याँश्चं पश्याति याँश्च न तेषु ममा सुमति'' कृधि।''**[12] **''मित्रस्याहं चक्षुसा सर्वणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुसा समीक्षामहे।**[13]

अर्थात् मैं मनुष्य को व सभी प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखू हम परस्पर मित्र की दृष्टि से देखें। क्योंकि मानव होने के नाते एक दूसरे की रक्षा करना, सहायता करना, मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। **''पुमान् पुमांसं परिपातु विश्वतः''**[14]

सभी का कल्याण हो निरोग हों, कोई दुःखी न होवे ये भावनाएँ उपनिषदों में भी प्राचीन काल से ही मुखरित रही हैं।

सर्वेभन्तु सुखिनः सर्वेसन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित दुःख भाग्भवेत्।।[15]

यही मंगल कामनाएँ संस्कृत नाटकों के भरत वाक्यों में सर्वत्र व्याप्त है।

सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणिपश्यतु।
सर्वः कामानवाप्नोतु सर्वः सर्वत्र नन्दतु।।[16]

राजनीति में प्रासंगिकता एवं उपयोगिता– वाल्मीकि ने राजा को प्रजा के लिए पितृ स्थानीय पालक कहा है–**''पिता ही सर्व भूतानां राजा भवति धर्मत''**[17] आदि कवि का नैतिक निर्देश है कि राजा अपने नैतिक धर्म को पूर्ण करने में सर्वथा प्रतिबन्धित होता है। उसे स्वेच्छाचारिता के लिए कथमपि अवसर नहीं होते। नैतिक व्यवहार नम्रता, निग्रह और अनुग्रह ये चार प्रवृत्तियाँ राजा को स्वेच्छाचारिता से वारित करती है।[18]

मनुस्मृति में राजा को महान् उत्साही अत्यन्त उदार, कृतज्ञ विनीत, वृद्धोपसेवी, कुलीन, सत्यवक्ता सद्गुणी दूसरों के दोषों को न कहने वाला, धार्मिक बुद्धिमान तथा रहस्य गोप्ता बताया है तथा उसमें आन्वीक्षिकी, दण्ड, नीति एवं वार्ता आदि विधाओं का ज्ञाता होना चाहिए यह भी कहा है।[19]

आज हमारे देश में राजनीति एवं अर्थ के प्रधान रहने से नेता जो कि स्वयं जनता का प्रतिनिधि स्वरूप है वही जनता के समक्ष चारित्रिक एवं नैतिक पतन का ज्वलन्त उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है कहा गया है कि **''यथा राजा तथा प्रजा''** ऐसी स्थिति में जनता को नैतिक मूल्यों का पथ दिखाने वाले, चारित्रिक उत्कर्ष की प्रेरणा देने वाले चरित नायकों का पुनः स्मरण दिलाने की आवश्यकता है।

कुर्सी एवं सत्ता के लिए गन्दी राजनीति करने वाले नेताओं के समक्ष प्रतिमा नाटक के राम एक आदर्श चरित हैं। जब राम का राज्याभिषेक होते–होते रूक गया तब भी वे प्रसन्न ही होते हैं[20] उनके मन में इस का कारण जानकर भी किसी के लिए कोई दुर्भावना नहीं आती है। उन्होंने प्रतिरोध किये बिना पिता के वचनों का पालन करने के लिए चौदह वर्ष के लिए वन में प्रस्थान किया।[21] व राज्य के ऐश्वर्य को तिनके के समान छोड़ दिया उत्तररामचरितम् में श्री राम लोकानुरंजन के लिए स्नेह, दया, तथा सखी स्वरूपा अपनी प्राणेश्वरी को त्याग देते हैं।[22] यद्यपि त्याग उचित है अथवा अनुचित यह एक अलग प्रश्न है किन्तु समष्टि हेतु व्यष्टि को न्यौछावर करना एक उच्च मूल्य कहा जा सकता है।

राजा स्वयं मर्यादा का पालन करके प्रजा के सम्मुख आदर्श भी उपस्थित करता था। राजा दुष्यन्त के हृदय में प्रजा के प्रति अपार स्नेह है, वह पाप आदि को छोड़कर स्नेही जनों से वियुक्त हुए लोगों के प्रति बन्धुभाव भी व्यक्त करता है।[23] कहीं–कहीं तो राजा प्रजा के मध्य सम्बन्ध अति आदर्शमय भी मिलते हैं। दुष्यन्त धनमित्र का धन राजकोष में जमा करने से पहले यह पता लगाने को कहता है कि कहीं उसकी कोई पत्नी गर्भवती तो नहीं हैं।[24]

चाणक्य भी राजा प्रजा के मध्य मधुर तथा विश्वास पर आधारित सम्बन्धों का पक्षधर हैं, इसीलिए वह चन्द्रगुप्त के प्रति प्रजा को अनुरक्त करने के लिए राक्षस को राजधानी से हटाने के साथ ही उस पर पर्वतेश्वर की हत्या का आरोप मढ़ता है।[25] ताकि प्रजा में उसकी छवि विकृत होने के साथ ही चन्द्रगुप्त की आदर्श छवि स्थापित हो सके।

इसी प्रकार समाज में शान्ति और सुव्यवस्था के लिए प्रजा राजा के महत्त्व को स्वीकार करती थी तथा राजा प्रजा का रक्षण तथा कष्टों का निवारण करता था।[26] दोनों के आदर्श सम्बन्धों का यही आधार था। राजा व प्रजा के सम्बन्ध पिता पुत्र की तरह आदर्श सम्बन्ध थे। राजा सूर्य के द्वारा अन्धकार दूर करने की भाँति प्रजा के कष्टों को भी दूर करता था।[27] इनके सम्बन्ध मर्यादा की रज्जु से बँधे थे। सामाजिक, धार्मिक अथवा किसी अन्य क्षेत्र में मर्यादा का उल्लंघन करने पर राजा कुमार्ग गामियों को दण्डित करता था। यही नहीं प्रजा के पारस्परिक विवादों को दूर करके[28] राजा समाज में शान्ति व व्यवस्था बनाए रखता था। समस्त नाटकों में राजा आदर्श पालक एवं रक्षक के रूप में चित्रित किये गये हैं। अभिज्ञानशाकुन्तलम् में दुष्यन्त को एक उदात्त राजा के रूप में ही चित्रित किया गया है जो प्रजा का पालन अपनी सन्तान के समान करता है। वह समस्त प्रजा का बन्धु है– **''त्वयि तु परिसमाप्तं बन्धुकृत्यं प्रजानाम्।।**[29]

राजा के द्वारा नियमित, एवं सन्तान के समान पालन करने के कारण कोई भी दुराचारी राज्य में नहीं था। **"कः पौरवे वसुमती शासति शासितरि दुर्विनीतानाम्''**[30]

अभिज्ञानशकुन्तलम् के पाँचवे अंक में कण्व शिष्यों के आगमन पर राजा सोचता है कि कण्व शिष्य स्वयं चलकर मेरे पास आए हैं जबकि मेरे राज्य में तो किसी को अपनी समस्या लेकर यहाँ आने की आवश्यकता नहीं है शायद मेरे ही द्वारा किये गये किसी पाप के कारण पृथ्वी ने कन्द फल, फूल आदि देना बन्द कर दिया है अतः तपस्वियों को जीवन यापन में बाधा हो रही होगी। इससे राजा की प्रजावत्सल्लता का मूल्य उभर कर आता है इस प्रकार की सोच यदि आज के राजनेता अपना लें तथा दूर दराज के गाँवों एवं ढाणियों में रहने वाले मनुष्यों एवं जीवों के जीवन यापन की आवश्यकताओं का ध्यान रखें तो विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे **नक्सलवाद, डकैती, चोरी आदि** से छुटकारा पाया जा सकता है तथा समाज में शांति की स्थापना की जा सकती हैं लेकिन ऐसी सोच आज के राजनेताओं भी कही भी दिखाई नहीं देती है उन्हें तो सिर्फ अपना हित साधने की हर समय लगी रहती है।

राष्ट्रीय मूल्यों की प्रासंगिकता बताते हुए कवि काङ्करजी का कथन है किस्वदेश में अधीत विद्या से परदेश को समृद्ध करना स्वदेश के प्रति विश्वासघात है। स्वदेश की सेवा में ही मनुष्य की अधीत विद्या की सफलता है ऐसा समझकर स्वदेश सेवा से कभी भी विमुख नहीं होना चाहिए।[31] राष्ट्रीय मूल्यों की अभिव्यक्ति को कई अन्य नाटकों में जैसे कि– **राष्ट्र रक्षणम्**[32] **, प्राणाहुति, नाट्यकल्प** में कई स्थानों पर देखा जा सकता।

शैक्षिक मूल्यों की प्रासंगिकता

प्रकृति के समस्त जीवों में मानव को सर्वोत्कृष्ट होने का गौरव प्राप्त है, क्योंकि वह बुद्धिजीवी है। बुद्धि के बल पर उसने अनेक हिंसक पशुओं को अपने वश में किया है, वह ऐसे कार्य करने में समर्थ हुआ है जो कल तक असंभव प्रतीत होते थे मानव की इन उपलब्धियों का श्रेय यदि किसी को है तो वह है शिक्षा को। शिक्षा के अभाव में मानव तथा पशु में कोई अन्तर नहीं। विद्या विहीन मानव तो पशु के समान है इसलिए मानव के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छी व ज्ञानोपयोगी शिक्षा आवश्यक है। विद्या के महत्त्व को बताते हुए भतृहरि ने अपने नीतिशतक में लिखा है कि–

येषां न विद्या न तपो न दानं, ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः।
ते मर्त्यलोके भुवि भारभूताः, मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति।।[33]

आज शिक्षा का उद्देश्य जीविकोपार्जन के लिए रोजगार प्राप्त करना हो गया है। वर्तमान में शिक्षा व्यवसायोन्मुखी हो गई है। जबकि अथर्ववेद[34] के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मानव की बुद्धि को विकसित करके जीवन का सर्वांगीण विकास करना है। इसी प्रकार ऋग्वेद[35] का कथन है कि शिक्षा द्वारा अज्ञान अंधविश्वास तथा अपराधिक प्रवृत्तियों का उन्मूलन करके जीवन को सुखमय बनाया जाए। ऋग्वेद[36] ने शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान देना तथा निष्क्रिय को सक्रिय बनाकर प्रबुद्ध करना बताया है। यजुर्वेद ने ऐसी शिक्षा का प्रतिपादन किया है जिससे ऐसी सुमति प्राप्त हो जो संसार का कल्याण करने वाली हो। यजुर्वेद[37] तथा ईशावास्योपनिषद्[38] के अनुसार दृ कर्म मार्ग से जीवन निर्वाह होता है तथा ज्ञान मार्ग से मोक्ष प्राप्त होता है। वेद व्यक्तिगत उन्नति से ही सन्तुष्ट नहीं है वह समाज और राष्ट्र की उन्नति को भी यथोचित महत्त्व प्रदान करते हैं। अथर्ववेद में[39] समाज तथा राष्ट्र की उन्नति के साधन राष्ट्रीय चरित्र, अनुशासन तथा समर्पण की भावना को अनिवार्य बताया है।

प्राचीन शिक्षा पद्धति में केवल पुस्तकों के अध्ययन को ही शिक्षा या विद्याध्ययन नहीं समझा जाता था। ज्ञान–विज्ञान की अनेक शाखाओं का अध्ययन करने के उपरान्त भी व्यक्ति अशिक्षित रह सकता है। अध्ययन के द्वारा अन्तर्दृष्टि प्राप्त करके तथा चरित्र के समुन्नत होने पर ही उसको शिक्षित कहा जा सकता है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में छात्र गुरुओं के पास गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे।

यहाँ ब्रह्मचारी छात्रों को कुछ नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होता था जैसे दैनिक सन्ध्योपासना, ईश्वरोपासना, यज्ञ सम्पादन, तपोमय जीवन पद्धति, गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, पवित्रता, सदाचरण, स्नान, अग्निहोत्र, इन सब नियमों के पालन का उद्देश्य ब्रह्मचारी छात्र में ईश्वर के प्रति भक्ति और धर्म के प्रति आस्था की भावना सुदृढ़ करना था।

आज शैक्षिक मूल्यों में निरन्तर हास दिखाई दे रहा है। शिक्षा संस्थाओं की संख्या अवश्य बढ़ गई है किन्तु शिक्षा की गुणवत्ता में कमी आयी है आजकल के शैक्षिक संस्थानों में गुरु द्वारा शिष्य से शिक्षा प्राप्त करने के लिए धन प्राप्त करने की प्रबल अभिलाषा ने शिक्षा प्रणाली को दूषित कर दिया है। आज डॉक्टरी पेशा अपने मूलधर्म मानव सेवा से विमुख होकर अर्थ लोलुपता की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। जिसके उदाहरण के रूप में आए दिन कन्या भ्रूण हत्या एवं मानव अंगों की तस्करी होती रहती है। वर्तमान की चिकित्सकीय शिक्षा यहाँ पर डॉक्टरों के नैतिक पतन को ही दर्शाती है क्योंकि एक चिकित्सक का कर्त्तव्य होता है जीवन की रक्षा करना, जीवन की हत्या नहीं।

प्राचीन गुरु वर्तमान शिक्षकों की तरह केवल अर्थोपार्जन के लिए ही शिक्षा नहीं देते थे, अपितु उनका सोचना था कि हमें अपनी संस्कृति के संरक्षण एवं प्रचार हेतु विद्यादान करना चाहिए। यजुर्वेद[40] में कहा गया है कि ब्रह्मयज्ञ का अभिप्राय है विद्वान् ऋषियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के लिए वेदाध्ययन करना चाहिए।

इसी प्रकार ऋषि ऋण से मुक्ति तभी संभव है जब अर्जित ज्ञान को प्रसारित किया जाए। विद्यादान से मेघा प्राप्ति होती हैं।[41] भ्रम के निवारणार्थ विद्यादान महत्त्वपूर्ण माना गया है।[42] वेदों में विद्यादान विद्वानों का कर्त्तव्य माना गया है।[43] इस प्रकार हमारी प्राचीन शिक्षा धनोपार्जन के लिए न होकर शिष्य के चारित्रिक विकास के लिए होती थी। वर्तमान शिक्षा पद्धति में गुरुओं के द्वारा शिक्षण संस्थाओं में भारी शुल्क की दुर्व्यवस्था के कारण कमजोर आय वर्ग के छात्र योग्य होने पर भी शिक्षा से वंचित होते जा रहे हैं।

प्राचीन शिक्षा प्रणाली में शिक्षा प्राप्त करने के लिए शुल्क का प्रावधान नहीं था गुरु शिष्यों से शिक्षा प्राप्त करने का शुल्क नहीं लेते थे। शिष्य आचार्य के पास रहकर गुरु की सेवा करते हुए गुरु आश्रम को अपने घर के समान समझकर कार्य करते थे। शिष्य अपनी शिक्षा की समाप्ति होने पर गुरु की इच्छानुसार तथा अपनी हैसियत के अनुसार भूमि, सुवर्ण, गाय, घोड़ा, अन्न शाक वस्त्र आदि गुरु को दक्षिणा के रूप में प्रदान कर गुरु को प्रसन्न करते हुए अपने कर्तव्य का निर्वाह करता था। समाज का सुख तथा कल्याण इसी तथ्य में निहित था कि विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हुए समाज के प्रति अपने कर्त्तव्य का पालन करे। विद्यार्थी को संस्कृति तथा सभ्यता का संरक्षक एवं प्रकाश स्तम्भ समझा जाता था। समाज का सुख तथा कल्याण इसी तथ्य में निहित था कि विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हुए समाज के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करे। बृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया है कि पुत्र को उत्पन्न करके ही मनुष्य

पितृऋण से मुक्त नहीं हो जाता अपितु इस पुत्र को समुचित शिक्षा देने से ही वह इस ऋण से मुक्त हो पाता हैं[44]

शैक्षिक मूल्यों से सम्बन्धित अनेक तथ्य हमारे संस्कृत नाटकों में भी उपलब्ध होते है जो आज दूषित होती शिक्षा प्रणाली के उन्नयन में सहायक सिद्ध हो सकते हैं यथा– श्रेष्ठ शिक्षक के बारे में **'मालविकाग्निमित्र'** में कहा गया है कि किसी का स्वयं का ज्ञान विशिष्ट होता है और किसी को अध्यापन कला में दक्षता प्राप्त होती है। परन्तु जिन शिक्षकों में इन दोनों गुणों का समुचित सामन्जस्य हो, वे ही श्रेष्ठ शिक्षक कहे जाते हैं।[45] अध्यापक के दोषों को उजागर करते हुए कालिदास ने कहा है कि जो स्वयं को प्रतिष्ठित समझकर विवाद से डरता हुआ दूसरों के द्वारा की गई निन्दा को सहन करता है तथा जिसका शास्त्र ज्ञान केवल जीविकोपार्जन के लिए है, वह ज्ञान को बेचने वाला वणिक् के समान है–

लब्धास्पदोऽस्मीति विवादभीरोस्तितिक्षमाणस्य परेण निन्दाम्।

यस्यागमः केवल जीविकायै, तं ज्ञान पण्यं वणिजं वदन्ति।।"[46]

समाज एवं शिष्य वर्ग दोनों के लिए गुरु को गौरव पूर्ण स्थान देना भारतीय परम्परा रही है। श्रेष्ठ विद्या प्रदान करने के कारण पिता एवं अग्रज के समान गुरु का भी पितरों में परिगणन होता रहा है।[47]

वसिष्ठ ने गुरु को पिता–माता से भी उत्कृष्ट पद दिया है। माता–पिता तो केवल जन्म के कारण हैं परन्तु गुरु प्रज्ञा रूपी चक्षु प्रदान करता है।[48] अध्यापन कार्य अध्ययन करने वाले पर अधिक निर्भर करता हैं पण्डित लोग उसी शिक्षा को निर्दोष कहते हैं जो विद्वत्त समाज रूपी अग्नि में सुवर्ण के समान उज्ज्वल रहे।[49]

मेघ का जल जिस प्रकार, समुद्र की सीपी में प्रविष्ठ होकर मौक्तिक का रूप धारण कर लेता है उसी प्रकार उत्तम पात्र में रखी गयी शिक्षा अपना उत्कर्ष प्रकट करती है।[50] जिस प्रकार योग्य पुरुष को दी गई कन्या शोभा पाती है उसी प्रकार सुपात्र शिष्य को प्रदान की गई विद्या पूर्णतः फलवती होती है– **"सुशिष्य परिदत्ता व विद्येवाशोचनीया संवृता।"[51]**

प्राचीन विद्वानों ने सदैव स्वस्थ तन में स्वस्थ मन का आग्रह किया है। बाल विद्यार्थी को गुरु अपने आश्रम में रखकर निजी देखरेख में उसके मानसिक गुणों को विकसित करता हुआ उसके हृदय और मस्तिष्क को उन्नत बनाना अपना कर्तव्य समझता है। आधुनिक नाटककार नारायणशास्त्री काङ्कर के द्वारा रचित एकांकी गुरु दक्षिणा में कहा गया है कि कौत्स की तरह सभी शिष्यों को विद्यावान् विनीत और गुरुप्रिय होना चाहिए। वरतन्तु के तुल्य गुरुओं को विद्वान् और शिष्य प्रेमी होना चाहिए। रघु के समान शासकों को प्रभावशाली विद्यानुरागी और विद्वानों का सम्मानकर्ता होना चाहिए।[52] स्वदेश प्रेम

नामक एकांकी में काङ्कर जी ने कहा है कि . स्वदेश में अधीत विधा से परदेश को समृद्ध करना स्वदेश के प्रति विश्वासघात है स्वदेश की सेवा से ही मनुष्य की अधीत विद्या की सफलता है।[53] वर्तमान में देखा जा रहा है कि आज का विद्यार्थी अपने देश में उच्च अध्ययन प्राप्त कर विदेशों को अपनी शिक्षा का लाभ देकर उनको अपने ज्ञान से एवं आर्थिक रूप से सबल बना रहा हैं शिष्य के चारित्रिक विकास के लिए गुरु का व्यक्तित्व आदर्श भूत होता है। लेकिन आज के गुरुओं को तो सिर्फ अपनी फीस से ही मतलब होता है। शिष्य को पाठ समझ में आया या नहीं, शिष्य का चारित्रिक विकास हो रहा है या नहीं इस बात से उन्हें कोई लेना देना नहीं होता। इस प्रकार प्राचीन शिक्षा प्रणाली में तथा संस्कृत नाटकों में सभी प्रकार के जीवन मूल्य समाहित हैं ये शैक्षिक मूल्य किसी मत, पन्थ, सम्प्रदाय या देशकाल की सीमाओं में नहीं बँधे, ये मूल्य सार्वत्रिक, सार्वकालिक तथा सार्वभौमिक हैं। वर्तमान काल में भारत में वैदिक जीवन मूल्यों की अवहेलना होने से गुरु शिष्यों के सम्बन्ध बिगड़ गये हैं। आज की शिक्षा पद्धति में गुरु तथा शिष्य के सम्बन्धों में मधुरता नगण्य हो गई है, शिष्यों में गुरु भक्ति का मूल्य लुप्त प्राय हो गया है, व्यसनों के पाश में छात्रों की आबद्धता उनके नैतिक पतन की परिचायक है गुरु में भी शिष्यों के प्रति पुत्रवत् भाव कम ही देखा जाता है, जबकि गुरु को शिष्य का नया जन्म दाता माना जाता है इसीलिए वह आध्यात्मिक पिता होता है, वैदिक काल में गुरु शिष्यं सम्बन्ध अति मधुर थे। कठोपनिषद् के शान्तिपाठ में गुरु शिष्य सम्बन्धों की चरम परिणति देखी जा सकती है, जहाँ अध्ययन के प्रारम्भ में दोनों मिलकर प्रभु से प्रार्थना करते हैं ष्हे भगवान आप हम दोनों गुरु–शिष्य की साथ–साथ रक्षा करें। साथ–साथ हमारा पालन करें। हम दोनों की अधीत विद्या तेजोमयी हो और हम दोनों परस्पर वैष न करें।[54] इस प्रकार का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध वैदिक शिक्षा प्रणाली के अतिरिक्त कहीं नहीं प्राप्त होता./यह सम्पूर्ण भूतल के लिए आदर्श है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली की विविध समस्याओं के समाधान के लिए अनेक आयोग, समितियाँ, नियम, कानून बनाने . की अपेक्षा नीति निर्धारकों, समाज सुधारकों, शिक्षा विशेषज्ञों को वैदिक शिक्षा प्रणाली तथा संस्कृत नाटकों में उल्लिखित शैक्षिक मूल्यों रूपी संजीवनी पर अवश्य ही विचार एवं मंथन करना चाहिए, क्योंकि हमारे प्राचीन ग्रन्थों में एवं संस्कृत नाटकों में वर्तमान अव्यावहारिक एवं रोग ग्रस्त वर्तमान शिक्षा प्रणाली का निदान संभव है।

पर्यावरणीय मूल्यों की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता– जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरणीय मूल्य यद्यपि वर्तमान समय की आवश्यकता है। लेकिन संस्कृत वाङ्मय एवं नाटकों में इसके सूत्र प्राप्त होते हैं। वेदों से प्रारम्भ होकर उपनिषदों धर्मशास्त्रों एवं लौकिक संस्कृत साहित्य में भी पर्यावरणीय मूल्यों का वर्णन

आया है। वेदों में प्रकृति के पंच महाभूतों से लेकर वनस्पतियों एवं छोटे जीवों से लेकर मानव पर्यन्त पाणिमात्र को पुष्ट कल्याण एवं श्रेष्ठ फल प्रदान करने के लिए प्रार्थनाएं की गयी हैं।[55]

'इदं न मम' प्रभृत वाक्य तथा 'स्वाहा' प्रभृत शब्द से त्याग एवं लोकहित की भावना पोषित होती है। स्मृति ग्रन्थों में प्रकृति सन्तुलन के निर्वहन हेतु वनस्पतियों पशुओं, पक्षियों की उपयोगिता को स्वीकारा गया है। मनु ने कहा है– **'अहिंसायैव सर्वभूतानां कार्य श्रेयाऽनुशासनम्'**[56] स्वसुखसाधन हेतु प्रणिहिंसा उचित नहीं है क्योंकि

योऽहिंसकानि भूतानि हिनास्त्यात्मसुखेच्छया।
स जीवश्च मृतश्चौव न क्वचित् सुखमेद्यते।।[57]

'अभिज्ञानशाकुन्तलम्'[58] में सरसरोवर का, वनस्पतियों का तथा जीवों का अथवा प्रकृति के समस्त घटकों की उपयोगिता तथा उपादेयता को स्वीकार करते हुए उनके संरक्षण एवं संवर्धन पर बल दिया गया है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि 'शास्त्रों' का प्रयोजन निखिल प्राणिमात्र का संरक्षण है।

उपसंहार– सरकार ने विभिन्न प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए वन्य –जीवन अधिनियम, पारित किया जिसके अन्तर्गत अनेक राष्ट्रीय उद्यानों एवं वन्य जीव अभ्यारण्यों की स्थापना की गई। भारत सरकार के नन्दादेवी (उत्तराखण्ड), शान्तघाटी (केरल) मन्नार की घाटी (तमिलनाडु) जैसे स्थानों को जैव विविधता क्षेत्र घोषित किया है। जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गये जन–आन्दोलन अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं उल्लेखनीय हैं। इसी प्रकार 'रक्षासूत्र' आन्दोलन' नर्मदा बचाओं आन्दोलन, आदि भी महत्त्वपूर्ण हैं।

पर्यावरणीय मूल्यों के संरक्षण हेतु विविध सुझाव दिये जा सकते हैं संस्कृत नाटकों में वर्णित पर्यावरणीय मूल्यों को व्यक्ति हृदय से अनुमोदित कर स्वयं अपना कर्तव्य समझ कर उनका पालन करे। वन्य जीवों के निवास स्थान एवं उनके प्रजनन क्षेत्रों की पहचान कर उनके संरक्षण को सुनिश्चित किया जाए। संकटापन्न प्रजातियों को सुरक्षित करने के लिए कार्य योजनाओं का निर्माण किया जाए, जिसमें उनके संरक्षण एवं पुनर्प्रजनन हेतु आवश्यक उपाय किये जाए। खाद्य–फसलों, चारा प्रदान करने वाले वृक्षों, ईधन एवं औद्योगिक कच्चे माल के रूप में उत्पादन हेतु प्रयोग में आने वाले वृक्षों के उत्पादन हेतु प्रयास किये जाएं तथा पशुओं के अवैध शिकार पर रोक के लिए बनाये गये कानूनों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाय। पर्यावरण के संरक्षण हेतु किये जाने वाले सांस्कृतिक समायोजन मानव के हाथ में है। वर्तमान में अपराधिक वृत्तियों, भ्रष्टाचार व असंवैधानिक कार्यों से सामान्य मनुष्य दुःखी हो रहा है जिसके कारण उनके दुःख से उत्पन्न वेदना ईतियोंश के रूप में जन्म लेती है। जिसके फल स्वरूप जन जीवन

के साथ–साथ प्रकृति के भौतिक स्वरूप को भी हानि पहुँची है। इससे सिद्ध होता है कि आज प्रकृति की उग्रता का कारण अवांछित मानवीय हस्तक्षेप ही रहा है। चराचर जगत् की सुख शान्ति के लिए मानव के अनावश्यक हस्तक्षेप को समाप्त कर प्रकृति के मौलिक स्वरूप को पाने के लिए हमें कटिबद्ध होना चाहिए।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि संस्कृत नाटक भी अपने समाज की छवि प्रस्तुत करने के साथ–साथ तत्कालीन मूल्यों को भी पाठक के सम्मुख अभिव्यक्त करते हैं। शकुन्तला के प्रत्याख्यानके समय मौन रहने वाले और लोकापवाद के कारण सीता के परित्याग द्वारा अपने संगठन का नकारात्मक उपयोग करने वाले समाज का संस्कृत नाटकों में स्वाभाविक चित्रण है। संस्कृत नाटककार को समाज का एक पक्षीय स्वरूप कभी भी अभीष्ट नहीं रहा, यही कारण है कि संस्कृत नाटककार ने यथावसर मूल्यों की स्थापना भी की है। संस्कृत नाटककार की सामाजिक चेतना का धरातल व्यापक रहा है अतएव उसकी कल्पना 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' व **''सर्वे भवन्तु सुखिनः''** की है जिसे वह नाटकों में साक्षात् कराना चाहता है। वह विश्व के कण–कण में चेतना का परिदर्शन करता है यही कारण है कि उसके जगत् में प्रकृति उसकी चिरसहचरी और पशु पक्षी जगत् के सगे सम्बन्धी हो जाते हैं।

ज्यों ज्यों मानव संस्कृति का विकास हुआ त्यों–त्यों उसके मूल्य स्थापित होते गये। भारतीय संस्कृति की परिवर्तनशीलता ने स्वयं को नष्ट होने से बचा लिया। जिन संस्कृतियों में इसका अभाव था वे समय के क्रूर प्रहार से लुप्त हो गयीं। भारतीय संस्कृति ने जिन संस्थाओं एवं अवधाराणओं जैसे वर्णाश्रम व्यवस्था, गुरुकुल प्रणाली जीवन के विभिन्न अवसरों पर किये जाने वाले विभिन्न संस्कार आदि ने मानव मात्र में जिन मूल्यों की स्थापना की थी उन्हीं मूल्यों के कारण हमारा देश सब देशों का शिरोमणि है। यही वह प्राचीन देश है जिसने ज्ञान की रश्मियाँ पूरे विश्व को प्रदान की। **सत्य, अहिंसा शांति, त्याग, सद्भाव, परोपकार तथा निष्काम कर्म शरणागत रक्षा, अतिथिदेवोभवः** जैसे विविध मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश विश्व को दिया है। भारतीय संस्कृति मानवमात्र को सदैव जीवन के नैरन्तर्य की चेतना, मानव जीवन के प्रति अटूट सम्मान, उर्ध्वगति के लिए सदैव सत्कर्म तथा मोक्ष एवं निर्वाण के प्रति सतत् प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा देती है। भारतीय संस्कृति में समाहित मूल्यों के बारे में कहा जाता है कि–

यूनान मिस्र सब मिट गये जहाँ से,
बाकी अभी तलक है, नामों निशा हमारा।
कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी

सदियों रहा दुश्मन दौरे जहाँ हमारा।

"इकबाल"

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. धर्मवीर भारती मानवमूल्य और साहित्य
2. धर्मवीर भारती मानव मूल्य और साहित्य पृ.79
3. स्वामी ओम आनन्द सरस्वती : राजस्थान के संत साहित्य मे मुल्य बोध : राजस्थान का संत साहित्य स.वीणा लाहोटी पृ.132
4. वामन राव आप्टे : संस्कृत हिन्दी कोश, पृ.182
5. स्वप्न 1.4
6. ईशावास्योपनिषद – 1.1
7. वाल्मी. रा., सुन्दरकाण्ड 1.105 गच्छ !
8. भरत रोहकं ब्रूहि – कुमार विधिशिष्टेन सत्कारेण वत्सराजमग्रतः कृत्वा प्रवेश्यताममात्य इति। प्रतिज्ञा. यौ. – अंक 2 पृ. 64, भा. ना. च.
9. वही, अंक 2 श्लोक–10
10. अभिषेक ना. चतुर्थ अंक पृ. 87 भा. ना. चक्र
11. आः अतिथि परिभाविनी,
    विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा।
    तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम्।।
    स्मरिष्यति त्वा न स बोधितोऽपि स–
    न्कथा प्रमतः कृतामिव।। अभि. शाकु. – 4.1
12. अथर्ववेद – 17–1–7
13. यजुर्वेद – 36/17
14. ऋग्वेद – 6.75.14
15. उपनिषद प्रार्थना
16. विक्रमो.– भरत वाक्य
17. वाल्मीकि रा. उत्तरकाण्ड–40/13

18. वही, किष्किन्धा काण्ड—17—28

19. मनुस्मृति — 7.3. 4

20. वन गमननिवृत्तिः पार्थिवस्येव ताव
न्ममपितृपरवत्ता बालभावः स एव।
नवनृपतिविमर्श नास्ति शङ्का प्रजाना
मथ च न परिभागैर्वचिता भ्रातरो मे।।

21. प्रतिमा अंक—2 पृ. 47 भा. ना. चक्रप्रतिमा — 1.14

22. उ. रा. 1.11

23. येन येन वियुज्यन्ते प्रजाः स्निग्धेन बन्धुना।
स स पापादृते तासां दुष्यन्त इति घुष्यताम्।। अभि शाकु. 6.23

24. अभि शाकु. अंक 6 पृ. 246 निरूपण विद्यालंकार षष्ठ सं. 1979
अभि. शाकु. 5.5

25. मुद्रा. अंक—1 पृ.

26. प्रजाः प्रजाः स्वा इव तन्त्रयित्वा निषेवतेऽशान्तमना विविक्तम्।
यूथानि संचार्य रविप्रतप्तः शीतं दिवा स्थानमिव द्विपेन्द्रः।।

27. आलोकान्तात्प्रतिहततमोवृत्तिरासां प्रजानां
तुल्योद्योगस्तव च सवितुश्चाधिकारो मतो नः।
तिष्ठत्येकः क्षणमधिपतिर्योतिषां व्योममध्ये
षष्ठे काले त्वमपि लभसे देव विश्रान्तिमहः।। विक्रमों 2.1

28. नियमयसि कुमार्गप्रस्थितानात्तदण्डः
प्रशमयसि विवादं कल्पसे रक्षणाय।
अतनुषु विभवेषु ज्ञातयः सन्तु नाम
त्वयि तु परिसमाप्तं बन्धुकृत्यं प्रजानाम्।। अभि. शाकु. 5.8

29. अभि. शाकु. —5.8

30. वही, 1.23

31. स्वदेश प्रेम — स. ना. र. — पृ. 201—206

32. राष्ट्ररक्षणम् — पृ. 164

33. भर्तृहरि का नीतिशतकम् – श्लोक 12

34. अथर्ववेद – 7/16/1

35. ऋग्वेद – 10/182/3

36. वहीं, 1/6/3

37. यजुर्वेद –40/14

38. ईशावास्योपनिषद् – मन्त्र – 11

39. अथर्ववेद दृ 19/41/1

40. यजुर्वेद दृ 26/2

41. ऋग्वेद – 1/48/4

42. वही 8/85/4

43. वही 1/105/12

44. बृहदारण्यक उपषिद् – 15.7

45. ''शिलष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था,
संक्रान्तिन्यस्य विशेष युक्ता।
यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां
धुरि प्रतिष्ठापयितयव्य एव ।। मालविका. 1.16

46. मालविकाग्निमित्र 1.17

47. ज्येष्ठो भ्राता पितावापि यश्चविद्यां प्रयच्छति।
त्रयस्ते पितरौ ज्ञेया धर्मे च पथि वर्तिनः ।। वाल्मीकि. रा. किष्किन्धाकाण्ड, 18–13

48. पिता होनं जनयति पुरुषं पुरुषर्षम।
प्रज्ञां ददाति चाचार्यस्तस्मात्स गुरुरूच्यते।। वाल्मी. रा. अयोध्याकाण्ड ।।

49. उपदेशंविदुः शुद्धं सन्तस्तमुपदेशिन।
श्यामायते न युएमासु यः कांचमिवाग्निषु।। मालविका 2.9

50. पात्र विशेषे न्यस्तं गुणान्तरं व्रजति शिल्पमाद्यातुः।
जलमिव समुद्रशुक्तो मुक्ताफलतां पयोदस्य।। मालविका 1.6

51. अभि. शाकु. अंक–4, पृ. 128

52. गुरु दक्षिणा – स. ना. र. दृ पृ. 42.43

53. स्वदेश प्रेम – स. ना. र. वृ. 201–206

54. ऊँ सहनाववतु सहनौ भुनक्तु सहवीर्यं करवाव है।
तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै ।। कठोपनिषद–शान्तिपाठ

55. (क) ऋग्वेद 7.35–5
(ख) ऋग्वेद 9.11.3
(ग) यजुर्वेद 19.36

56. मनुस्मृति– 5.45

57. अभि. शाक. – 1.10. 1.11, 4.10

58. अतिवृष्टिरनावृष्टिः शलभाः मूषकाः शुका. प्रत्यासन्नाश्च राजानः षडेता ईतयः स्मृताः। संस्कृत हिन्दी कोश, वामन शिवरामआप्टे, पृ. सं. 179

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 SHISRRJ | Volume 5 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

शिक्षा में कलाओं की अवधारणा

प्रो. अजय कुमार जैतली
विभागाध्यक्ष दृश्य कला विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।
हिना यादव
शोध.छात्रा, दृश्य कला विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

Article Info
Volume 5, Issue 2
Page Number : 47-51

Publication Issue :
March-April-2022

Article History
Accepted : 15 March 2022
Published : 30 March 2022

सरांश- आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक सामन्जस्य से ओतप्रोत कला का सबसें विशुद्ध रुप यदि कहीं अपने समृद्ध अवस्था में मिलता है तो, वह भारतवर्ष है। वर्तमान में कलाओं के अध्ययन को दो तरह से देखा जा सकता है– पहला स्वतन्त्र विषय के रूप में तथा दूसरा अन्य विषयों को सिखाने के 'माध्यम' के रूप में। कला और शिक्षा दोनों ही राष्ट्रीय महत्व के विषय हैं। 'कला शिक्षा' का सबसे आसान 'अभिव्यक्ति' व ' अधिगम ' का प्रथम सशक्त माध्यम है। कलाकार नन्दलाल बोस का मानना है ''कि कला शिक्षण का उद्देश्य कलाकार का निर्माण नहीं बल्कि कलाबोध और कलात्मक व्यवहार को विकसित करना है। इसके लिए अलग से कला विषय की जरुरत नहीं बल्कि हर विषय के शिक्षण मे, शाला की साज–सज्जा में, और दैनिक व वार्षिक गतिविधियों में कलात्मकता का पुट समाहित करना अधिक उपयोगी है।'' एक दूरदर्शी कलाकार द्वारा 'कला शिक्षा' के मूल्य को शिक्षा के क्षेत्र में बहुत पहले ही अनुभव कर लिया गया था। बदलते परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर पहुच सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी ही प्रथम विकल्प है। विभिन्न शिक्षा समितियों द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए समय–समय पर अनुशंसायें (Recommendations) की गई। एक सुदृढ़ शिक्षा प्रणाली जो भारतवर्ष को विकासशील से विकसित भारत बनने में सीधे योगदान देती है। मनुष्य एकमात्र प्राणी है जिसमें कलात्मकबोध और सौन्दर्यबोध पाया जाता है। इस धरती पर कदम रखने से लेकर आज आधुनिक समाज में सर्वे–सर्वा बनने तक का सफर उसने अपनी कलात्मक बौद्धिक क्षमता के बल पर ही तय किया। आदिमानव से आदर्श-मानव के पीछे, लगातार मस्तिष्क विकास, उसके समाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, स्थिति को सुदृढ़ बनाती गयी। कलाओं को अभिव्यक्ति की एक भाषा के रूप में देखा जा सकता है जो ललित कला (दृश्यकला या प्रदर्शन कला) या उपयोगी कला (हस्तकला, यांत्रिक कला) के रुप में होती हैं। कलाओं को शिक्षा में अन्य विषयों के साथ संयोजित करके विषय की अर्मूत अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सकता है। कला के इस सहयोग द्वारा अमुक विषय के प्रति एक खास समझ व दीठ विकसित होती है, साथ ही ज्ञान में विस्तार भी होता है। वर्तमान समय में कलाओं के समेकन (अन्य विषयों के साथ कला के एकीकरण) द्वारा प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा में शिक्षण को प्रभावी बनाने का प्रयास जारी है, जिसमें नि:सन्देह कलाएँ हमेशा की तरह अपनी उपस्थिति से शिक्षण को नये आयाम प्रस्तुत करते हुए कुछ सार्थक बदलाव चिन्हित करेंगी।

शब्द कुंजी- शिक्षा, कलाएँ, सौन्दर्यबोध, समेकन, मानव जीवन, अवधारणा, उपादेयता।

Copyright: © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

प्रस्तावना- मनुष्य सबसे पहले एक कलाकार है तत्पश्चात मनुष्य। कलात्मक क्षमता जन्म से ही उसके पास होती है। जब वह शिशु होता है तब बिना किसी भाषा के अपनी माँ से संवाद करता है। मानव शुरूआत से ही जिज्ञासु प्रवृत्ति होने के कारण अनगिनत ऐसे कार्यों को अनजाने ही किया, जिसका परिणाम उसे और अधिक उत्सुक बनाता गया उदाहारण स्वरुप मानव ने आग का अविष्कार दो पत्थरो को रगड़कर किया।[i] उसने दो समान आकार वाले सूर्य और चन्द्रमा के न सिर्फ आकार बल्कि उनके स्वभाव व उनसे पड़ने वाले प्रभाव को भी समझना शुरू किया। यह सम्भवत: तभी हुआ जब मानव अपने आस–पास में होने वाली समस्त गतिविधियों के प्रति सचेत रहा और प्रकृति में होने वाली किसी भी क्रिया के 'कारण' और 'परिणाम' का अवलोकन हर क्षण करता रहा। यहां भाषा के रूप में पहले कलाएँ रहीं या यूं कहें कि भाषा की कमी को कलाओं ने पूरा किया। मानव प्रवृत्ति है कि जिससे जितनी बार मुलाकात होती है या जिसके सानिद्ध में वह ज्यादा समय व्यतीत करता है उससे उसका सम्बन्ध आत्मीय होता जाता है और वह उससे सहजता महसूस करता है। वह अपने रहने/ठहरने लायक गुफाओं को गाँवो मे बदलने के बाद जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति में जुट गया। कला ने मानव को वह साधन दिया जिससे वह जीवन क्षेत्र में सफल और अर्थपूर्ण जीवन जीने में समर्थ बने।

हमारे धर्मशास्त्रों में 'ज्ञान' एवं 'कला' दोनों की देवी 'सरस्वती' है। पूजा अर्चना हेतु यज्ञ करते समय पूजा की सामग्री में कलावा (सूत का लच्छा जो मांगलिक अवसरों पर कलाई पर बाधा जाता है।) यहां पर कलावा वस्त्र के प्रतीक के रूप में होता है परन्तु कच्चे सूत का यह कलावा हमें कला की महत्ता की याद दिलाता है जिसका मतलब कलावा को कलाई में बाधकर हम कलापूर्ण होना सीखते हैं। करमूल अर्थात कलाई हमारे हाथों का आधार सिद्ध होती है जो हमारे अन्दर छिपे कला भावों को मूर्त रूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।[ii]

पुराकाल में भारत विश्वगुरू की उपाधि से विभूषित रहा इसके पीछे का महत्वपूर्ण कारण यहां की उन्नत व्यापक शिक्षा व्यवस्था रहीं। जहां शास्त्रीय ज्ञान के साथ–साथ जीवनपयोगी लौकिक ज्ञान अर्थात कला का सम्यक ज्ञान का समावेश होना था। वर्तमान भारतीय शिक्षा प्रणाली औपनिवेश काल की देन है। जब हम पराधीन थे तब आक्रांताओं ने अपने औपनिवेशिक हितों की रक्षा के लिए इस शिक्षा प्रणाली को प्रारम्भ किया था।[iii] कला शिक्षा के रूप में '1850 के मद्रास स्कूल ऑफ आर्ट' से कला की अकादमिक शिक्षा प्रारम्भ होती है। आगे इसी क्रम में '1854 कलकत्ता स्कूल ऑफ आर्ट', '1857 मुम्बई स्कूल ऑफ आर्ट', '1875 लाहौर स्कूल ऑफ आर्ट' भी इसी तर्ज पर खोले गये। हमारे भारतीय संस्कृति में तो खुले आसमान के नीचे प्रकृति के सानिद्ध में कलाओं की शिक्षा प्रदान करने की खास परम्परा रही है, जिस अनूठी परम्परा को कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 1901 में शान्तिनिकेतन के एक छोटे स्कूल के रूप में फिर से जीवित किया। वर्तमान में शान्तिनिकेतन कला, संगीत, नाटक जैसी सांस्कृतिक कलाओं के साथ शिक्षा का 'हब' है। 1919 ई. में कविवर ने यहीं कला के एक स्कूल 'कला भवन' की नीव भी रखीं जो 1921 ई. में स्थापित विश्व भारती विश्वविद्यालय का हिस्सा बन गया।[iv] भारत सरकार द्वारा 1954 में कलाओं के उत्थान के लिए 'ललित कला अकादमी' नाम की एक स्वायत्त संस्था का गठन किया गया, जिसका उद्घाटन हमारे पहले शिक्षा मंत्री 'मौलाना अबुल कलाम अज़ाद' द्वारा किया गया था।[v]

मनुष्य आन्नद की प्राप्ति और ज्ञान के लिए जितने उपायों का विकास किया, उसमे भाषा कला का विशेष स्थान है। साहित्य, दर्शन, विज्ञान और प्रकृति के नाना विषयों की चर्चा भाषा को माध्यम बनाकर ही की जाती है। साहित्य मनुष्य को अभिव्यक्ति देता है पर उसकी अभिव्यक्ति का क्षेत्र सीमित होता है। उस अभाव की पूर्ति करती

हैं ललित कलाएँ– चित्रकला, मूर्तिकला, स्थापत्यकला, संगीत कला एवं काव्यकला। जैसे साहित्य की अभिव्यक्ति की अपनी विशिष्टता है, वैसे ही चित्र, मूर्ति, नृत्य व अन्य ललित कलाओं की भी।[vi] भारत में कला शिक्षा एक विषय है, जिसकी खुद की एक भाषा व शब्दावली के साथ सिद्धान्त भी है। कला शिक्षा में कला से जुड़े सभी तथ्यों विभिन्न आयामों को समझने के कुछ सिद्धान्त व प्रस्तुति एवं प्रदर्शन की खास विधियाँ भी होती हैं। कला शिक्षा भी अन्य विषयों की तरह एक विषय के रुप में रहा मगर उतना पसन्दीदा व बाकी विषयों की तरह नहीं। इस खास विषय को पढ़ने वाला जरूरी नही कि कलाकार ही हो। कला जीवन के साथ–साथ अग्रसर होती है। कला 'सीखने' और सिखाने' की प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनकर हमारे संस्थानों के पाठ्यक्रम को रूचिकर बना रहीं है।

''29 जुलाई 2020 को हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति' की घोषणा की गई। यह शिक्षा नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक 'के. कस्तूरीरंगन' की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।''[vii] इस नई शिक्षा नीति के आते ही व्यापक चर्चाए प्रारम्भ हो गई। सवाल ये सामने है कि आखिर 34 साल बाद नई शिक्षा नीति लाने की आवश्यक्ता क्यों महसूस हुई एवं 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी कौन सी त्रुटियाँ रह गयी थी जिसे नयी शिक्षा नीति के द्वारा दूर किया गया।[viii] इस नीति में कला और शिक्षा में कुछ वांछनीय बदलाव किए गए है। अभी तक कला, संगीत, क्राफ्ट, स्पोर्ट्स, योग आदि को सहायक पाठ्यक्रम (Co Curricular) एक्टिविटी के तौर पर पढ़ते आए हैं। अब ये मुख्य पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे इन्हे एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी भर नहीं कहा जायेगा।[ix] कला अब रोजगारपरक और व्यावसायिक भी होगी। नई शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा व कला के माध्यम से अन्य विषयों को रूचिकर बनाने की एक विशेष पहल शामिल की है जिसमें कला को अन्य सभी विषयों के साथ समेकित किया जा सकता है अर्थात विभिन्न विषयों के सीखने–सिखाने में कला संयोजन। भाषा, सामाजिक अध्ययन, विज्ञान और गणित जैसे विषयों को कला के साथ जोड़कर उस विषय की जटिलता व उसकी अवधारणा को बेहद सरल व सुगम बनाया जा सकता है। कलाओं द्वारा विषयों को रुचिकर बनाकर एक ऐसा माहौल तैयार किया जाता है जिसमें न सिर्फ उनका शरीर बल्कि ह्रदय और मस्तिष्क भी एक साथ काम करते है।[x]

हमारे समाज में उपस्थित प्रत्येक वस्तुए किसी कलात्मक मानव मस्तिष्क के देन है। हम सुबह उठकर जिस प्याले में चाय पीते है। हम चाय पीते–पीते दुनियाँभर की खबर अपने घर में जिस न्यूजपेपर के माध्यम से पाते हैं। क्या हमें मालूम है कि पहली बार न्यूज को अखबार में छापने का विचार किसका था और उसे क्यो जरूरत महसूस हुई अखबार की? हम सुबह ऑफिस पहुचने के लिए जिस पुल से होकर जाते हैं, वो भी किसी व्यक्ति के मस्तिष्क की उपज है। जरुरत की हर वो चीज जो आज आपके पास है जिसका इस्तेमाल आप आज बड़ी आसानी से कर रहे हैं, जिससे आप आनन्दित हो रहे, वो सबसे पहले किसी मानव के मस्तिष्क के कैनवास पर बनी है तत्पश्चात वास्तविक जगत में अपने वास्तविक रुप में आज हमारे सामने हैं। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सृजन दो बार होता है पहला मस्तिष्क में दूसरा वास्तविक जगत में। 'कला' को लेकर हमेशा से आम लागों की एक विशिष्ट अवधारणा रही है कि ''कला बच्चों को पठन–पाठन से दूर कर देती है, जिससे बच्चों का शैक्षणिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। शिक्षाविदों ने यह सिद्ध किया है, कि कला शिक्षा कोई पृथक ज्ञान नहीं है बल्कि हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है जिसका प्रयोग हम किसी न किसी रूप में हर क्षण करते हैं।''[गप] अवधारणाओं के निर्माण में अनेक कारक होते है। जिसमें बौद्धिक कारक, सामाजिक कारक साथ में हमारी शिक्षा व्यवस्था भी एक महत्वपूर्ण कारक रहीं। ''हमारे देश में विश्वविद्यालयों की ओर से अब तक ऐसी कोई व्यवस्था

नहीं की गई है, वह नितान्त अपर्याप्त है। इसका एक कारण सम्भवतः यह है कि हमारे यहां अनेक लोगों की मान्यता है की कला–साधन मात्र पेशेवर कलाकारों का काम है, साधारण आदमी का इससे कुछ लेना–देना नहीं है। "जिसका परिणाम यह निकलता है कि शहर में लगने वाली कला प्रदर्शनियों से उनका कोई वास्ता नहीं और भूले–भटके अगर कभी कला–दीर्घाओं मे पहुच भी जाएं तो उन्हे सौन्दर्य बोध, कलाबोध नहीं होता अर्थात कला के प्रति उनकी समझ बिल्कुल अबूझ पहेली सी होती है।"[xii]

शोध के उद्देश्य- कलाओं द्वारा मानव जीवन में हुए सांस्कृतिक, सामाजिक विकास के क्रम को समझना। कला और शिक्षा के सम्बन्धों को विभिन्न स्तर पर रेखांकित करते हुए शिक्षा में कला की आवश्यकता, कारण व उसकी महत्ता का अध्ययन करना। समाज में कलाओं को लेकर बनी विशिष्ट अवधारणा और विभिन्न पक्षों का अध्ययन करना।

निष्कर्ष– हमारी शिक्षा का उद्देश्य एक मानव का अगर सर्वांगीण विकास करना है, तो हमारे पाठ्यक्रम में कला का स्थान अन्यान्य पढ़ाई लिखाई के विषयों के समान ही होना चाहिए। कला शिक्षा से व्यापक उद्देश्यों की पूर्ति हाती है। 'कला' और 'शिक्षा' ही एकमात्र ऐसे साधन हैं, जो अलग दीठ प्रदान करते हैं। देखने का एक खास किस्म का अपना इतिहास है। एक कलात्मक योग्यता से परिपूर्ण मनुष्य 'देखने' के खास ढंग की कला से बुना हुआ होता है। उसकी सिर्फ आँख ही देखने का कार्य नहीं करती अपितु समस्त ज्ञानेन्द्रियाँ (आँख, कान नाक, जीभ, त्वचा) किसी भी चीज को महसूस करके देखती हैं, छूकर देखती है, सुनकर देखती हैं, चखकर देखती हैं।

भूमण्डलीकरण के इस युग में कला की महत्ता को अनदेखा नहीं किया जा सकता। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा, कला के समेकित अध्ययन से निश्चय ही प्राप्त की जा सकती है। कला संज्ञानात्मक विकास करके सम्पूर्ण व्यक्तित्व को उजला स्वरूप प्रदान करती है। शिक्षित समाज वर्ग ही जन साधारण का आदर्श होता है। कला के समेकन द्वारा जीवंत ज्ञान प्रदान करना व शिक्षण को सरल बनाकर समाज में; समस्त नागरिक द्वारा, भारत को एक वैश्विक ज्ञान का महाशक्ति बनाना है। आज के इस युग में ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान द्वारा ही हम विकसित हो पायेगें। अगर ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान हमारा खुद का नहीं विकसित होगा तो हम दूसरों की तरफ ही ताकते रहेगें। ज्ञान में विश्व को बदलने की 'शक्ति' है जो 'उर्जा' व 'पहचान' प्रदान करती है, वहीं कलाओं में वो शक्ति, क्षमता व निपुणता होती है जो उस उर्जा, पहचान को आत्मविश्वास के साथ अभिव्यक्ति का मार्ग सुझाती हैं। कलाएँ ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को जोड़ते हुए परम्परा को जन्म देती हैं, अर्थात बिन्दुओं के समान आगे बढ़ते हुए सभ्यता व संस्कृति रूपी 'रेखा परम्परा' का निर्माण करती हैं, जो समाज में आधार (Base) का काम करती है, जिस पर सम्पूर्ण मानव जाति का जीवन टिका होता है। किसी समुदाय के परिवेश, समाज, राष्ट्र की संस्कृति व सभ्यता की पहचान एवं संरक्षण कलाओं द्वारा ही सम्भव हुआ। ऐतिहासिक जानकारी के प्रमुख स्त्रोत में कला के अनगिनत उदाहरण द्वारा ही तत्कालीन स्थिति, (सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक) का ज्ञान संभव हो पाया। कला प्रत्येक युग में मानव हित में ही अपनी पूर्णता समझते हुए मानव जीवन के साथ अग्रसर रहीं नि:सन्देह वह आगे भी मानव का कल्याण ही करेगी।

संदर्भग्रन्थ–

i- बी.बी.सी न्यूज, इंसान की किस नस्ल ने आग जलाना पहले सीखा, 21 सितम्बर 2018, बी.बी.सीन्यूज.कॉम।
ii- मिश्र डॉ. धनजय कुमार, संस्कृत वाङगयमय में वर्णित चौसठ कलाओं की उपयोगिता, संस्कृत सेवा सदन, 19 अगस्त 2019.
iii- शर्मा प्रो. गोविन्द प्रसाद, राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020: दिशा और दृष्टि, पुस्तक संस्कृति, नवम्बर–दिसम्बर 2020, पृष्ठ संख्या–3
iv- शान्तिनिकेतन, शोकेस, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्राहालय, नई दिल्ली।
v- Sourse-Wikipedia,https://lalitkal.gov.in
vi- बसु नन्दलाल, सुब्रह्मण्यम सी.एन., एकलव्य
vii- Sourse-Wikipedia
viii- दृष्टि द विजन, नई शिक्षा नीति, 2020, 25 अगस्त 2020, माध्यम इन्टरनेट।
ix- aajtak.in, education, नई शिक्षा नीति: पढ़ाई, परीक्षा, रिपोर्ट कार्ड सब में होंगे ये बड़े बदलाव, दिनांक 30 जुलाई 2020, अपडेट 7: 19 ए.एम आईएसटी
x-संदर्भ– कला समेकित शिक्षा अवधारणा प्रतिलिपि, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा।
xi- वारिस हसन, मुईन डॉ. सैयद अब्दुल, कला शिक्षा–2 (तृतीय सत्र)।
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् (एस.सी.ई.आर.टी), महन्द्रू, पटना (बिहार), द्वारा प्रकाशित एवं बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पबलिशिंग कॉरपोरेशन द्वारा आदेशित तथा राजधानी ऑफसेट प्रिंटर्स, त्रिपोलिया पटना–07 द्वारा मुद्रित, प्रथम संस्करण–2014, ISBN-978-93-84709-08-2
राजस्थान में आधुनिक कला के बढ़ते कदम' डॉ अमित वर्मा, अतिशय कलित, vo1-2, pt, B, Sr4, 2013
xii- बसु नन्दलाल, सुब्रह्मण्यम सी.एन., एकलव्य

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2022 SHISRRJ | Volume 5 | Issue 2 | ISSN : 2581- 6306

जन आंदोलनकारी कविता

डॉ अर्चना त्रिपाठी

असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ भीमराव अंबेडकर कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय।

Article Info
Volume 5, Issue 2
Page Number : 52-59
Publication Issue :
March-April-2022
Article History
Accepted : 15 March 2022
Published : 30 March 2022

सारांश- जन आंदोलन से प्रभावित कविताओं के यदि विस्तार और महत्वपूर्ण पक्ष और ठोस पक्ष की बात की जाए तो जन आंदोलनकारी कविताओं के साथ प्रतिबंधित साहित्य को जोड़कर देखा जा सकता है जिसमें जन आंदोलन से प्रभावित कविताओं की ही तरह आक्रोश और जन–जन को शोषण के प्रति विरोध करने का आवाह्न हुआ है।

मुख्य शब्द- जन, आंदोलन, कविता, शोषण, सामाजिक, दासता।

वह आंदोलन जो जनता के हित में किया जाए जन आंदोलन है। यदि जन को व्यापक अर्थ में समझा जाए तो जन का अर्थ है समाज का वह मेहनतकश मज़दूर जो भौतिक मूल्यों का उत्पादन करता है। यह भारत का शोषित वर्ग है, इसी जन की वर्ग चेतना जिस पल अपनी माँगों को व्यक्त करना शुरू करती है वही पल एक आंदोलन की रूपरेखा की भी होती है। पूँजीवादी समाज में जन की दुर्दशा तथा उत्पादन की शक्तियों के हाथों उसकी दासता को लगातार देखा जा रहा है। यह वही 'जन' वही मेहनतकश जनता है जिसके लिए नागार्जुन लिखते हैं–

"पूरी स्पीड में है ट्राम
खाती है दचके पे दचका
सटता है बदन से बदन
पसीने से लथपथ।
.....
कुली–मज़दूर है
बोझा ढोते हैं, खींचते हैं ठेला
थके–माँदें जहाँ–तहाँ हो जाते हैं ढेर
कत्थई दाँतों की मोटी मुस्कान
सच–सच बतलाओ

Copyright: © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

घिन तो नहीं आती है?

जी तो नहीं कुढ़ता है?"[1]

